**NEWS CLIPPING: 15.09.2017**

**HINDUSTAN**

## योग प्रतियोगिता में वाईएमसीए की टीम अव्वल

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गुरुवार को अंतर कॉलेज योग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें लड़के और लड़कियों की टीम ने हिस्सा लिया। इसमें विश्वविद्यालय की टीम ने बाजी मारी। प्रतियोगिता खेल अधिकारी डॉ. राजेश कुमार के देखरेख में हुई। विश्वविद्यालय के लड़कियों की छह सदस्यीय टीम में शिप्रा, कनक, अंशिका, शुभांगनी, रूपक तथा सुधा थी। जबकि लड़कों की विजेता टीम के सदस्यों में सूरज, गौरव, नीरज, वरूण, अमित तथा चरण सिंह रहे।



फरीदाबाद वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में हुए अंतर योग प्रतियोगिता में वाईएमसीए की टीम रही विजेता।। • हिन्दुस्तान

**HINDUSTAN**

## वाईएमसीए में हिन्दी पर परिचर्चा

**कराई गई** : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस के मौके पर परिचर्चा हुई। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि अंग्रेजी अपनाएं लेकिन हिन्दी को भी सम्मान दें। ये भाषा हमें एक सूत्र में बांधती है। बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा ग्रंथ अकादमी के सदस्य वेद प्रकाश शर्मा और मुख्य वक्ता उमाकांत खुबालकर रहे। कुलसचिव डॉ. संजय शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

**PIONEER**

## राष्ट्रभाषा हिंदी गौरव के साथ अपनाएं

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि की ओर से 'हिंदी दिवस' के उपलक्ष्य में राष्ट्रभाषा हिंदी को लेकर एक परिचर्चा की गई। इसमें हिंदी साहित्य से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। यह हमारा कर्तव्य है कि इसे सम्मान दें।